राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 12 सितम्बर। राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, सचिव श्री मुकेश वर्मा मौजूद रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि **13 सितम्बर, 2022 (मंगलवार)** को राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं आबकारी विभाग के मंत्री श्री परसादी लाल मीणा तथा श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री सुखराम बिश्नोई जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व विधायक श्री राकेश पारीक, सचिव श्री प्रशान्त शर्मा व श्री राजेन्द्र मूण्ड इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter